आलिम को आबिद के मुक़ाबले में वही श्रेष्ठता प्राप्त है, जो मुझे तुम्हारे एक साधारण व्यक्ति के मुक़ाबले में प्राप्त है।

अबू उमामा बाहिली (रज़ियल्लाहु अनहु) कहते हैं कि अल्लाह के नबी (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) ने फ़रमायाः आलिम को आबिद के मुक़ाबले में वही श्रेष्ठता प्राप्त है, जो मुझे तुम्हारे एक साधारण व्यक्ति के मुक़ाबले में प्राप्त है। फिर अल्लाह के रसूल (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) ने फ़रमायाः अल्लाह, उसके फ़रिश्ते, आकाशों और धरती वाले, यहाँ तक कि चींटियाँ अपने बिलों में और मछलियों भी उन लोगों के हक़ में रहमत की दुआ करते हैं, जो लोगों को भलाई की तालीम देते हैं। [ह़सन लि-ग़ैरिही (अन्य सनदों अथवा रिवायतों के साथ मिलकर हसन)] [इसे तिर्मिज़ी ने रिवायत किया है।]

https://sunnah.global/hadeeth/hi/show/6106